NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8
Subject : सामाजिक विज्ञान
Chapter : 1
Chapter Name : कैसे, कब और कहाँ

Q1 सही और गलत बताएँ:

i) जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को हिन्दू , मुस्लिम, ईसाई तीन कालखण्डों में बाँट दिया था ।

ii) सरकारी दस्तावेज़ों से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि लोग क्या सोचते हैं ।

iii) अंग्रेजों को लगता था कि सही तरह शासन चलने के लिए सर्वेक्षण महत्वपूर्ण होते हैं।

Answer.

i) नहीं।

ii) नहीं।

iii) हाँ।

Page : 8 , Block Name : फिर से याद करें

Q2 जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को जिस तरह काल खंडो में बाटाँ है, उसमे क्या समस्याएँ हैं ।?

Answer.जेम्स मिल ने जिस तरह भारतीय इतिहास को हिन्दू, मुस्लिम व ब्रिटिश कालखंडो में बाटाँ उसमें यहाँ दिखाने की कोशिश की गयी है कि भारत में ब्रिटिशों के आने से पहले यहाँ लोग सिर्फ धर्म, जाति के नाम पर लड़ते थे। यहाँ के शासकों को तानाशाह समझा गया और नागरिकों को असभ्य समझा गया।

जेम्स मिल के इस विभाजन से हमें अनेक समस्याएँ दिखती हैं-

→ भारत में क्या सभी धर्मों के शासको ने देश को धर्म की नज़र से बाँट कर रखा। परंतु हमने देखा है की यहाँ पर लोग एक दूसरे के साथ शांति से रहते थे और इतिहास में भी कोई बड़ी घटना का उल्लेख नहीं है|

→ क्या ब्रिटिश वाकई में भारतीयों को सभ्य बनाना चाहते थे या फिर उपनिवेशवाद फैलाना चाहते थे|क्योंकि अगले 200 साल भारतीय उपमहाद्वीप को जिस तरह उपनिवेशवाद में रखा गया उससे तो यही पता चलता है कि ब्रिटिश भारत को सभ्य नहीं बनाना चाहते थे बल्कि एक कालोनी चाहते थे|

Page : 8 , Block Name : आइए विचार करें

Q3 अंग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेज़ों को किस तरह सुरक्षित रखा ?

Answer. अंग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखने के लिए अनेक उपाय करे जैसे अभिलेखागार बनाना या फिर सर्वेक्षण को महत्व देना |

aglasem.com

→ अंग्रेज़ मानते थे कि चीज़ों को लिखना बहुत महत्वपूर्ण होता है| ऐसा करने से उन दस्तावेज़ों का अच्छे से अध्ययन करा जा सकता था तथा उन पर वाद-विवाद भी करवाया जा सकता था|
→ सरकारी मुलाज़िम के बीच संचार माध्यम को भी दस्तावेज़ों द्वारा और मजबूत बनाकर कार्यों का निपटारा किया जा सकता था|

Page : 8 , Block Name : आइए विचार करें

Q4 इतिहासकार पुराने अखबारों से जो जानकारी जुटाते हैं वो पुलिस की रिपोर्टों में उपलब्ध जानकारी से किस तरह अलग होती है ?
Answer.आमतौर पर पुलिस की रिपोर्ट या फिर कोई भी सरकारी रिपोर्ट में सरकार के विचार को ज्यादा प्रदर्शित किया जाता था | जिन दस्तावेज़ों की उन्हें जरुरत होती थी वे बस उन्हें ही संभाल कर रखते थे| इससे इतिहास-कारों को आम लोगों के विचारों का पता नहीं चलता है लेकिन पुराने अखबारों, तीर्थ यात्राओं के संस्मरणों और आत्मकथाओं से हमें देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों के विचार प्रस्तुत होते थे| इनमें नेताओं के विचार व कवि जगत के लोगों की सोच पता चलती थी|
लेकिन एक आम आदमी, किसान के विचार अभी भी लोगों तक नहीं पहुँच पाते थे क्योंकि आमतौर पर वे अशिक्षित थे और जो लोग अपने विचार प्रस्तुत करते थे वे पढ़े-लिखे लोग थे|

Page : 8 , Block Name : आइए विचार करें

aglasem.com